आईटी के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति कर रहा राजस्थान: मुख्य सचिव

जयपुर@पत्रिका. उन्नत प्रौद्योगिकी के राजीव गांधी सेंटर फॉर एडवांस्ड टेक्नोलॉजी (आरकैट) द्वारा गुरुवार को सूचना केंद्र के सभागार में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को मनाते हुए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राजस्थान की मुख्य सचिव उषा शर्मा थी। इस अवसर पर सूचना एवं प्रौद्योगिकी के आयुक्त व आरकैट के एमडी. आशीष गुप्ता उपस्थित थे। इस दौरान ग्राफिक डिजाइन के वैश्विक एवं उन्नत प्रौद्योगिकी का पाठ्यक्रम आरकैट के औद्योगिक भागीदार अमरीकी बहुराष्ट्रीय

कंप्यूटर सॉफ्टवेयर कंपनी एडोब द्वारा ग्रामीण महिलाओं, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उपर मों से जुड़ी महिलाओं एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के लिए शुरू किया गया। शर्मा ने कहा कि राजस्थान बोलता कम है पर उसके कार्य बोलते हैं, शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा,आईटी आदि के क्षेत्रों में राज्य के कार्य अनुकरणीय है।

Rajasthan Patrika Pg 19.
10/03/23